कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत (उत्तराखण्ड)

<u>प्रेस नोट– राष्ट्रीय खेल दिवस</u> दिनांक 29 अगस्त 2023

राष्ट्रीय खेल दिवस दिनांक 29 अगस्त 2023 के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय प्रागंण मे खोखो, दौड़, बैडमिन्टन जैसे आदि खेलों का अभ्यास किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कार्मिकों, छात्र/छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए ''फिट इंडिया शपथ'' ग्रहण कराया गया। जिसके तहत सभी ने एक स्वर से शपथ लिया कि एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रत्येक दिन 30 मिनट का समय स्वास्थय व फिटनेस के लिए निकालेंगे। परिवार के सदस्यों, मित्रों, पड़ोसियों को भी इस हेतु प्रेरित करेंगे साथ ही फिट इंडियां मोबाइल एप अपने मोबाइल में इन्स्टाल करके सभी लोग अपने स्वास्थ्य का मूल्यांकन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 संजय कुमार, श्री अतुल कुमार मिश्र, श्री संजय कुमार गंगवार, डॉ0 रेखा मेहता, श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री महेश सिंह कन्याल, श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)